हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 28 दिसंबर 2023

04 निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के ...




07 एक समुदाय ने आधे घंटे से ज्यादा शव को रोका ...





## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना के तहत 50 लाख की परियोजनाएं

**सीहोर।** मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजनान्तर्गत केवल नवीन उद्यमों की स्थापना के लिए देय होगा, इस योजना में केवल अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदको को निर्धारित अर्हता एवं वित्तीय सहायता का प्रावधान होगें। योजना का संचाजन जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा संचालित किया जा रहा हे। योजना के तहत परियोजना सीमा उद्योग (विनिर्माण Manufacturing) इकाई के लिए 01 लाख से 50 लाख रूपये तक की परियोजाएं हें। सेवा (सर्विस) इकाई एवं खुदरा व्यवसाय (रिटेल ट्रेड) के लिए 01 लाख से 25.00 लाख तक की परियोजाए हैं।

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से संबंधित शिकायत कराएं दर्ज

**सीहोर।** राष्ट्रीय खादय सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत बाह्य शिकायत निवारण तंत्र जिला शिकायत निवारण अधिकारी को शिकायत दर्ज कराने के प्रावधान है। प्रावधान अनुसार आम नागरिक सीएम हेल्पलाइन 181 पर कॉल करके अथवा ऑनलाईन भी डीजीआरओ को शिकायत दर्ज करा सकते है। आम नागरिकों द्वारा सीएम हेल्पलाइन 181 पर डीजीआरओ से संबंधित 4 श्रेणी की शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है। आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि डीजीआरओ को प्रस्तुत पात्रता पर्ची न मिलने से राशन न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी, डीजीआरओ को प्रस्तुत उचित मूल्य की दुकान से राशन न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी,डीजीआरओ को प्रस्तुत शालाओं में मध्यान भोजन न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी, डीजीआरओ को प्रस्तुत आगनवाड़ी में खाद्यान न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी को शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### विद्युत शिकायतों के निराकरण के लिए आज होगी सुनवाई

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सीहोर क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों के शीघ्र निराकरण के लिए वृत्त कार्यालय सीहोर में 28 दिसम्बर को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम द्वारा इस जनसुनवाई में सीहोर वृत्त अंतर्गत आने वाले विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 126, 135 तथा 138 को छोड़कर शेष शिकायतें जैसे विद्युत बिल से संबंधित, मीटर से संबंधित, नवीन कनेक्शन में विलंब, विद्युत आपूर्ति में व्यवधान, वोल्टेज से संबंधित, लोड शेडिंग,अधिसूचित विद्युत कटौती, सुरक्षा निधि पर ब्याज अदायगी इत्यादि शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

---

### हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद निर्माण एजेंसी अब आगे तक खोदेगी नाली

# देवनगर कॉलोनी की सालों पुरानी समस्या होगी दूर, पुरानी में नहीं जुड़ेगी नई नाली

बडियाखेड़ी से बिलकिसगंज जोड़ तक सड़क निर्माण कर रही एजेंसी पहले पुरानी नाली से जोड़ रही थी नई नाली को।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खबर का असर

देवनगर कालोनी के पास इस समय फोरलेन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य के दौरान ही नवीन नाली निर्माण को देवनगर की पुरानी नाली में जोड़ा जा रहा था। इसे लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी असंतोष था। हरिभूमि समाचार पत्र ने इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद नपा ने हरकत में आकर क्षेत्र के लोगों की समस्या के निराकरण की पहल की है। अब कालोनी की पुरानी नाली में फोरलेन की नवीन नाली को नहीं जोड़ा जाकर आगे तक बनाया जाएगा। जिससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या से निदान मिल जाएगा।

ज्ञात रहे कि भोपाल-बिलकिसगंज मार्ग पर स्थित देवनगर कालोनी में पिछले कुछ सालों से बारिश के दिनों में नाली का पानी घरों में घुसने की समस्या बनी हुई है। हर साल बारिश के दिनों में कालोनी में जलभराव की समस्या से लोगों को दो-चार होना पड़ता है। फोरलेन निर्माण के साथ ही नवीन नाली निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आस लगी थी कि नई नाली निर्माण को जीवन किराना स्टोर से आगे तक ले जाया जाएगा। जिससे क्षेत्र में जल भराव की समस्या का निदान हो सकेगा, लेकिन ऐसा नहीं किया जाकर नई नाली को पुरानी नाली में ही जोड़ा जा रहा था। जिसे लेकर क्षेत्र के लोगों में अंदर ही अंदर आक्रोश पनप रहा था। क्षेत्र के लोगों की इस गंभीर समस्या को हरिभूमि समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।



#### नगर पालिका के संज्ञान में समस्या का भान होते ही कार्रवाई की शुरू

हरिभूमि समाचार पत्र में देवनगर कालोनीवासियों की समस्या की जानकारी का भान होते ही नगरपालिका ने इस दिशा में पहल शुरू की है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि क्षेत्र में बारिश के दिनों जलभराव की सालों पुरानी समस्या को हल किया जाएगा। अब नगरपालिका फोरलेन एजेंसी द्वारा बनाई जा रही नवीन नाली निर्माण का कार्य जीवन किराना स्टोर से आगे तक ले जाया जाएगा। इससे देवनगर कॉलोनी वासियों की सालों पुरानी जलभराव की समस्या का निदान मिल जाएगा।

#### क्षेत्रवासियों ने नपा और हरिभूमि समाचार पत्र का किया आभार व्यक्त

देवनगर कॉलोनी वासियों की बारिश के दिनों में जलभराव


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Bhopal Sehore Bhoomi - 26 Dec 2023 - Page 1
देवनगर कॉलोनीवासी बोले: बारिश में पहले भी छोटी नाली से नहीं निकलता है पानी, अब बड़ी नाली जुड़ने से होगी समस्या
अब नहीं चल पाएगा ये सब...समस्या का समाधान नहीं निकाला तो नहीं होने देंगे आगे का काम
निर्माण एजेंसी समस्या का हल नहीं निकाल रही, पुरानी नाली में ही जोड़ रही नया नाली निर्माण
नई नाली को बीच में ही जोड़ा तो नहीं होने देंगे काम
हर साल बारिश में रहती है जलभराव की समस्या
निर्माण कार्य रुकवाया जाएगा

की समस्या का निदान मिलने पर कालोनीवासियों ने नगरपालिका और हरिभूमि समाचार पत्र का आभार व्यक्त किया है। क्षेत्र के आरएस दुबे कहते हैं कि हर साल बारिश में जलभराव की समस्या को लेकर जेसीबी बुलाना पड़ती थी। अब बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या नहीं आएगी।

---

# नपा अमले ने शुरू किया प्लॉस्टिक मुक्त अभियान

### नपाध्यक्ष ने झोले में सामान लेजाने की अपील



**सीहोर।** प्लास्टिक मुक्त सीहोर मुहिम में सहयोग करने वाले होंगे सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका अधिकारियों ने सख्ती शुरू कर दी है। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने स्वयं कोतवाली चौराहे से मेन रोड तक अमले के साथ पहुंचकर दुकानदारों से नगर पालिका द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम में सहयोग प्रदान करने की अपील करते हुए समझाइश दी कि पालीथिन का उपयोग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं अमले का कहना है कि अब तक पचास हजार से अधिक की चालानी कार्रवाई हो चुकी है। चालान भी किया गया। फिर भी दुकानदार सुधरने का नाम का नाम नहीं ले रहे।

गत दिनों नगर पालिका में एक बैठक का आयोजन किया गया था, शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाएं। सिंगल यूज पालीथिन का उपयोग करने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। सीहोर को प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहयोग करने वालों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। लोगों से भी अपील की गई है कि अब थैले का उपयोग करें और बाजार के लिए निकलें तो थैला लेकर निकलें जिसमें समान रख सकें। उन्होंने पॉलीथिन बैन करने की बात कही।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों से अपील कर मुहिम चलाई जाएगी जिसमें लोगों से निवेदन किया जाएगा कि प्लास्टिक का उपयोग न खुद करें और ना ही दूसरे को करने दें। उपयोग करते पाए जाने पर जुर्माना वसूला जाएगा। पॉलीथिन कभी नष्ट नहीं होती है। इससे पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। पेय या खाद्य पदार्थ पॉलीथिन में रखने से स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए पॉलिथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ नगर पालिका की स्वच्छता टीम ने कार्रवाई कर रही है।

---

# सीहोर के साथ फिर होगा सौतेला व्यवहार अवकाश के दिनों में ट्रेनों के स्टापेज किए निरस्त, यात्रियों की बढ़ेगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर रेलवे सुविधा के नाम पर पहले से सौतेले व्यवहार का शिकार हैं। यहां पूर्व से अनेक ट्रेनों के स्टापेज नहीं दिए गए हैं। अब एक बार फिर सीहोर स्टेशन क्रिसमस और नए साल के अवकाश के दिनों में ट्रेनों के निरस्त किए जाने से सौतेले व्यवहार का शिकार होगा। 28 दिसंबर से 6 जनवरी तक संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर रामगंजमंडी-भोपाल के मध्य नयी ब्राडगेज रेल लाइन कार्य शुरू होने पर 34 ट्रेनों को निरस्त किया है। जबकि ये कार्य क्रिसमस और नए साल के अवकाश के थोड़ा पहले या बाद में कराया जा सकता था। रेलवे विभाग ने पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मण्डल में रामगंजमंडी-भोपाल के मध्य नई ब्राडगेज रेल लाइन कार्य के सम्बंध में संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना के निर्देश जारी किए है। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की अवधि में रतलाम मंडल से होकर चलने वाली 34 ट्रेनों को या तो निरस्त तक दिया है या फिर परिवर्तित मार्ग से निकाला जा रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर सीहोर रेलवे स्टेशन पर देखने को मिलेगा। हालांकि रेलवे विभाग द्वारा जारी 34 निरस्त की जाने वाली ट्रेनों में से अधिकांश ट्रेनों का स्टापेज सीहोर रेलवे स्टेशन पर नहीं है, लेकिन सीहोर के यात्री सीहोर के आसपास के स्टेशनों पर पहुंचकर इन ट्रेनों का लाभ ले रहे थे। क्रिसमस और नए साल के अवकाश में ट्रेनो से यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। पूर्व पार्षद रामप्रकाश चौधरी कहते हैं कि बैरागढ़ में होने वाले इंटर लाकिंग सिस्टम को नए साल और क्रिसमस के अवकाश के पहले या बाद की तिथियों में रेलवे विभाग कर सकता था, लेकिन रेलवे ने ऐसा नहीं किया। इससे सीहोर आने वाले और सीहोर से जाने वाले यात्रियों को काफी असुविधा होगी।

#### इन ट्रेनों को किया निरस्त

- 1.गाड़ी संख्या 19343 इंदौर-सिवनी पंचवेली एक्सप्रेस दिनांक 28.12.2023 से 05.01.2024 तक इंदौर से चलने वाली
- 2.गाड़ी संख्या 19344 छिंदवाड़ा-इंदौर पंचवेली एक्सप्रेस दिनांक 29.12.2023 से 06.01.2024 तक छिंदवाड़ा से चलने वाली
- 3.गाड़ी संख्या 19323 डॉ. अंबेडकर नगर-भोपाल एक्सप्रेस दिनांक 28.12.2023 से 05.01.2024 तक डॉ. अम्बेडकर नगर से चलने वाली
- 4.गाड़ी संख्या 19324 भोपाल-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस दिनांक 29.12.2023 से 06.01.2024 तक भोपाल से चलने वाली
- 5.गाड़ी संख्या 19340 भोपाल-दाहोद एक्सप्रेस दिनांक 28.12.2023 से 05.01.2024 तक भोपाल से चलने वाली
- 6.गाड़ी संख्या 19339 दाहोद-भोपाल एक्सप्रेस दिनांक 29.12.2023 से 06.01.2024 तक दाहोद से चलने वाली
- 7.गाड़ी संख्या 19711 जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस दिनांक 27.12.2023 से 04.01.2024 तक जयपुर से चलने वाली

---

# क्रिसेंट ने कृष्णा ब्लास्टर को 15 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही केपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को खेले गए पहले मैच में हरफनमौला खिलाड़ी आदर्श राय के 44 गेंद पर 54 रन की विस्फोटक पारी के अलावा तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत क्रिसेंट डायनमिक टीम ने कृष्णा ब्लास्टर को 15 रन से हराया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला ओल्ड स्कूल फाइटर और इलेवन आल राउंडर के मध्य खेला गया। बुधवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी क्रिसेंट डायनमिक टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 157 रन बनाए थे। इसमें आदर्श राय ने कप्तानी पारी खेलते हुए मात्र 44 गेंद पर 54 रन, नीरज मेहरा ने 25 रन, आर्शीष शर्मा ने 12 गेंद पर 16 रन, राज कुशवाहा ने 21 गेंद पर 37 रन और चेतन मेवाड़ा ने 14 गेंद पर 19 रन की शानदार पारी खेली। वहीं कृष्णा ब्लास्टर की ओर से गेंदबाजी करते हुए रौनक, विपिन और स्पनिल ने एक-एक विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर की टीम 19.1 ओवर में 142 रन पर आल आउट हो गई। इसमें वीरेन्द्र वर्मा ने 35 गेंद पर 43 रन और विपिन वर्मा ने 11 गेंद पर 13 रन की पारी खेली। वहीं क्रिसेंट की ओर से गेंदबाजी करते हुए चेतन मेवाड़ा ने चार ओवर में 30 रन देकर दो विकेट, फरहान ने तीन ओवर में 19 रन देकर दो विकेट, विशांक शिंदे ने चार ओवर में 30 रन देकर एक विकेट, आदर्श राय ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट, हेमंत चौरसिया ने दो ओवर में 15 रन देकर एक विकेट के अलावा राज कुशवाहा ने दो ओवर में 14 रन देकर एक विकेट हासिल किया। इस प्रकार क्रिसेंट ने यह मैच 15 रन से जीत लिया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि दूसरा मैच इलेवन आल राउंडर और ओल्ड स्कूल फाइटर के मध्य खेला गया था। इस मैच में छह विकेट से इलेवन आल राउंडर ने जीत हासिल की।

---

# किसान परिवार का बेटा बना डीएसपी, चयन होने पर बोले दादाजी के आशीर्वाद का सुखद प्रतिफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के ग्राम टिटोरा में रहने वाले किसान परिवार का बेटा डीएसपी पद पर चयनित हो गया है। बेटे के डीएसपी बनने से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है और सभी लोग बेटे को बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं।जानकारी के अनुसार नजदीकी ग्राम टिटोरा में रहने वाले किसान परिवार का बेटा आशुतोष त्यागी महज 25 वर्ष की उम्र में डीएसपी के पद पर चयनित हो गया है। डीएसपी बने आशुतोष त्यागी ने इस संवाददाता से चर्चा करते हुए कहा कि उनके डीएसपी बनने का पूरा श्रेय परिवार को जाता है। उनके दादा, पिता और चाचा ने कड़ी मेहनत करके उन्हें लगातार प्रोत्साहित किया और उसी का सुखद प्रतिफल है कि आज वह डीएसपी बन गए हैं। आशुतोष ने बताया कि डेढ़ साल पहले ग्रामीण किसी विस्तार अधिकारी के पद पर भी उनका चयन हो गया था। जो नौकरी वह सफलतापूर्वक अभी कर रहे हैं, आशुतोष के अनुसार प्रारंभिक शिक्षा ग्राम में ग्रहण करने के बाद सीहोर जिला मुख्यालय पर भी स्कूली शिक्षा की। उसके बाद बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई करने के लिए इंदौर के कॉलेज में दाखिला लिया और परिवार की प्रेरणा से शुरू से ही पीएससी की तैयारी लगातार करने लगे और आज डीएसपी के पद पर चयन हो गए हैं।

---

### शासकीय कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन

# ग्रामवासियों को सामाजिक बुराइयों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन गोद ग्राम पचामा में किया गया। सर्वप्रथम छात्राओं ने रैली निकाल कर ग्रामवासियों को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करते हुए शिविर का शुभारंभ किया। छात्राओं ने सर्वप्रथम ग्रामवा सियों को स्वच्छेता का संदेश देते हुए गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग रखने का महत्वव समझाया तथा पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

ग्राम में सम्प र्क कर छात्राओं ने पुरूषों एवं युवाओं को रक्तणदानए नशा न करने की सलाह देते हुए उन्हेंग गांव में अन्यह लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की सलाह दी साथ ही एडस एवं एचआईवी वायरस से बचने के सुझाव व उपाय बताये तथा महिलाओं को सेनेटरी पेड का उपयोगए ब्रेस्टे कैंसर को पहचानने के तरीकेए गर्भवती महिलाओं की एचण्आईण्वीण की




जांचए एनीमिया से बचने के उपायोंए बेटी बचाओं बेटी पढाओं आदि से अवगत कराया। छात्राओं ने हस्ताडक्षरर अभियान चलाकर मतदान और नशामुक्ति के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने नुक्काड नाटक के माध्याम से भी नशे के दुष्प्राभाव एवं रक्तशदान के महत्वत को समझाया। पुरूषों में एडस एवं रक्तदान संबंधी तथा महिलाओं को ब्रेस्टष कैंसर की पहचान एवं सुरक्षा से संबंधित पम्पषलेटस बांटकर जागरूकता अभियान चलाया।

गांव की दीवारों पर भी स्वसच्छ ताए रक्तदानए नशामुक्तिए महिला साक्ष रताए ब्रेस्ट कैंसरए एडस आदि के पोस्टएर लगाकर भी जागरूकता अभियान से एक दिवसीय शिविर के उददेश्यभ को पूर्ण किया। शिविर का आयोजन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजरी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन एवं पूर्व रासेयो स्विंयसेवक पूर्वी ठाकुर के सहयोग से सम्परन्नन हुआ। शिविरार्थियों में श्रद्धा मेवाडाए शिवारीए वैष्णववीए संजनाए मंजू मेवाडाए रितिकाए नीरूए नैन्सी ए दीक्षाए रानीए सुहानीए वर्षा कुमरेए मनीषाए पलक शर्मा आदि छात्राओं का पूर्ण सहयोग रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गणेश लाल जैन से सभी से इस जागरूक शिविर के लिए धन्यवाद और बधाई दी।

---

# इछावर और सीहोर के बीच खेला गया मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रथम मैच इछावर बॉयज वर्सेस सीहोर क्लब के बीच खेला गया दोनो नई टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मध्यांतर तक बराबरी रही।

मध्यांतर के पश्चात 60 मिनट में सीहोर क्लब की ओर से यस ने शानदार गोल किया और शानदार खेल कर प्रदर्शन किया सीहोर क्लब की ओर से दूसरा गोल शुभम ने लेफ्ट फुट से कर दो गोल की बढ़त अपनी टीम को दिलाई। सीहोर क्लब दो गोल से जीत हासिल की है। दूसरा मैच सी वर्सेस एमजी क्लब के बीच खेला गया खिलाडियों में जबरदस्त फुटबॉल के प्रति उत्साह के साथ यह मैच खेला गया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन योर वॉइस वर्सेस आर्यन क्लब के बीच दूसरा मैच पुलिस बॉयज वर्सेस सी सी के बीच खेला जाएगा पहला मैच 3:00 बजे 4:30 बजे खेला जाएगा।

खबर संक्षेप

### मलेरिया से बचाव के लिए मलेरिया ऑफ 200 का क्रियान्वयन

**सीहोर।** मलेरिया से बचाव के लिये आयुष विभाग द्वारा होम्योपेथी रोग प्रतिरोधक दवा मलेरिया ऑफ 200 कावितरण किया जा रहा है। जनजातीय क्षेत्रों में मलेरिया रोग की रोकथाम के लिये विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग भी सहभागी है। इस वर्ष जुलाई माह में होम्योपेथी की 3 खुराक का वितरण पूरे जिले में किया गया। प्रारंभ में वहां पर विशेष ध्यान दिया गया जहां मलेरिया रोग का प्रकोप ज्यादा रहता है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोध करने पर यह बात सामने आई की मलेरिया ऑफ 200 के क्रियान्वयन से मध्यप्रदेश को मलेरिया मुक्त किया जा सकता है। जिन क्षेत्रों में होम्योपेथी की मलेरिया ऑफ 200 की दवा का वितरण किया गया है वहां मलेरिया एनुअल परजीवी इंडेक्स 65 से 80 प्रतिशत तक कम हुआ है। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एम्बेड परियोजना के जरिये जनजातीय क्षेत्रों में मलेरिया के रोकथाम के लिये नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। मच्छरों की रोकथाम के लिये गड्डों और नाली में फिनाइल का छिड़काव किया जा रहा है। जिले में करीब 200 युवा परियोजना के साथ जुड़कर मच्छर निरोधी दस्ते के रूप्में कार्य कर रहे हैं।

### बीमारी से बचाव के लिए साफ-सफाई रखें

**सीहोर।** हेपेटाइटिस लीवर से जुड़ी बीमारी जो वायरल इंफेक्शन के कारण होती है। इस बीमारी में लीवर में सूजन आ जाती है, हेपेटाइटिस में पांच प्रकार के वायरस होते है। जिसमें हेपेटाइटिस एबीसीडी और ई इन पांचों वायरस को गंभीरता से लेना चाहिये। आस-पास साफ-सफाई और हाइजिन प्रोटोकाल का पालन करके इस बीमारी को कमतर किया जा सकता है। इसके साथ ही जन्म के बाद बच्चों को हेपेटाइटिस की वैक्सीन लगाया जाना चाहिए। क्योंकि इनके कारण हेपेटाइटिस महामारी जैसी बनती जा रही है और हर साल इसकी वजह से होने वाली मृत्यु के आंकड़े भी बढ़ते जा रहें है। हेपेटाइटिस का टाइप बी और सी लाखों लोंगो में क्रोनिक बीमारी का कारण बन रहें है, क्योंकि इनके कारण लीवर में सिरोसिस और कैंसर होते है। हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता पैदा करने और जन्म के बाद बच्चे को वैक्सीन देकर उसे हेपेटाइटिस से बचाया जा सकता है। हेपेटाइटिस-सी, एचसीव्ही के कारण होता है और जैसे प्रदूषित खाना, प्रदूषित पानी के कारण भी होता है। हेपेटाइटिस के लक्षण पीलिया, बहुत अधिक थकान, पेट में दर्द, सूजन, खुजली, भूख न लगना, अचानक से वजन कम होना आदि लक्षण होने पर हेपेटाइटिस बी और सी की रोकथाम के संक्रमण को रोकने के लिये सभी शासकीय संस्थाओं पर डॉक्टर से संपर्क करना चाहिये। हेपेटाइटिस के लक्षण होने पर जिला चिकित्सालय में निःशुल्क जांच एवं उपचार लें, जिससे इस बीमारी से बचा जा सकता है।

## कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुई टीएल बैठक

# निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सभी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए: कलेक्टर

विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। जिले में अब तक 708711 आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर।




कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0, नल जल योजना, दिव्यांगों के पेंशन प्रकरणों तथा सीएम हेल्पलाइन के साथ ही समय सीमा वाले प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का शीघ्र और संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें। ऐसे विभाग जिनकी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें 50 दिवस से अधिक लंबित है, वह शिकायतों पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए शिकायतों का संतुष्टीपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन राज्य सरकार की सहभागिता से किया जा रहा है। इन प्रमुख योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुगमता से पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी ली और हितग्राहियों के आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में आमंत्रित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय निकायों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से छूटे हुए हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। सभी विभाग यात्रा के दौरान कैम्प लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित करें, ताकि कोई पात्र हितग्राही वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि अधिकारी संबंधित गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा आने से पूर्व ही आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कैंप लगाकर हितग्राहियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के साथ ही पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, मुद्रा योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृन्दावन सिंह, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, सुश्री वंदना राजपूत, डिप्टी कलेक्टर तन्मय वर्मा सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### अब तक 708711 आयुष्मान कार्ड बनाए गए

टीएल बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में अब तक कुल प्राप्त लक्ष्य 856953 के विरूद्ध 708711 आयुष्मान कार्ड बनाए गए है। इसके साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिलेभर में कुल 8223 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड स्वीकृत किए गए।

### लंबित प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम, तहसीलदार को निर्देश दिए कि नामांतरण, बटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करें। उन्होंने कहा कि छः माह तक लंबित सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर लिया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि साइबर तहसील के अंतर्गत 3545 प्रकरण दर्ज किए गए है। जिनमें से 3325 प्रकरण निराकृत कर दिए गए।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले में 145 करोड़ 35 लाख रूपए की लागत की स्वीकृत 15 सड़कों में से 7 सड़को का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष 8 सड़कों का कार्य प्रगतिरत है।

### किसानों से अब तक 7860.36 क्विंटल धान का किया गया उपार्जन

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत किसानों के समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में धान उपार्जन के लिए कुल 5605 किसानों ने पंजीयन कराया है। धान खरीदी केन्द्रों पर 966 किसानों से अब तक कुल 7860.36 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को अब तक उपार्जित धान का 6 करोड़ 25 लाख रूपए भुगतान किया जा चुका है। कलेक्टर श्री सिंह ने शेष किसानों के भुगतान की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए।

## वर्ल्ड रिकार्ड में एकसाथ शामिल हुए सीहोर के 100 तबला वादक अब से 25 दिसंबर को तबला दिवस के रूप में मनाएगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

संगीतिका संगीत महाविद्यालय के गुरुदेव वासुदेव मिश्रा और संगीत शिक्षक मांगीलाल ठाकुर ने एक और बड़ी उपलब्धि सीहोर की झोली में डलवा दी। ग्वालियर में सम्पन्न हुए तानसेन समारोह के दौरान तबला वादन का एक वर्ल्ड रिकार्ड बनाया जाना था। 1500 तबला वादक प्रदेश से ही एकत्र होने थे, जिसमें सीहोर से संगीतिका ने अपने 100 पारंगत तबला वादकों की टीम भेजी थी। 25 दिसम्बर को इनका वर्ल्ड रिकार्ड बना और उसका प्रमाणपत्र स्वयं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ग्रहण किया। ग्वालियर में दो दिवसीय तबला दरबार तानसेन समारोह का आयोजन विगत 99 वर्षों से चल रहा है। संगीत नगरी में इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिये ग्वालियर के ऐतिहासिक दुर्ग पर 1500 से अधिक तबला वादकों ने एक साथ तबला वादन की प्रस्तुति देकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करवाया और इसी अनोखे कार्यक्रम को नाम दिया गया था ताल दरबार ।तानसेन की नगरी जहाँ विश्व पटल पर छा गई वहीं इस आयोजन में सीहोर संगीतिका संगीत महाविद्यालय के 100 छात्र जिनमें 30 छात्राएं व 70 छात्रों ने भी भाग लिया था। संगीतिका के संस्था प्रभारी मांगीलाल ठाकुर ने बताया संगीतिका के करीब 100 बाल और युवा तबला वादकों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इस मौके पर संगीतिका के प्राचार्य विक्रम मिश्रा, केपी ठाकुर, नरेंद्र वर्मा,कैलास पटेल, सुरेश पाटीदार, महेश वर्मा, सतीश शर्मा, अंकिता ठाकुर, गायत्री पाटीदार, पुरुषोत्तम शर्मा अभय ठाकुर पंकज राव मोहित ठाकुर ने बधाई दी है। इस अवसर पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने यहॉ वर्ल्ड रिकार्ड टीम ने प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। साथ ही 25 दिसम्बर को अब तबला दिवस के रूप में प्रदेश सरकार द्वारा मनाये जाने की घोषणा भी की।

## पांच साल से फरार चल रहा वारंटी तलवार लहराते मिला, रेहटी पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं वारंटियों की धड़पकड हेतु दिये गये निर्देशो के तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग, एसडीओपी बुदनी शशांक गुर्जर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये तलवार लहराते हुये वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। मुखबिर द्वारा सूचना मिला कि ग्राम चकल्दी में झगडा हो रहा है कि सूचना पर कार्यवाही हेतु टीम को मौके पर रवाना किया गया मुखबिर द्वारा बताये स्थान ग्राम चकल्दी में एक व्यक्ति हाथ में तलवार लेकर लहराता हुआ मिला। जिसे टीम के द्वारा घेराबंदी कर पकडा गया। वही पूछताछ में राहुल पंवार पिता श्याम सिंह पंवार उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम चकल्दी थाना रेहटी के कब्जे से एक लोहे की तलवार, अवैध रूप से लहराता पाया गया, उक्त तलवार रखने के वैध लाईसेन्स के संबंध में पूछाताछ की गई तो नही होने पर आरोपी का कृत्य प्रथम दृष्टया धारा 25 आर्म्स एक्ट का पाया जाने से विधिवत जप्त कर आरोपी राहुल पंवार को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना रेहटी के अन्य दो अपराधों में पांच वर्षों से आरोपी राहुल पंवार फरार चल रहा था। जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे, सउनि श्यामलाल वर्मा, आर. लवकेश जाट, आर. रामूलाल उइके, आर. अभिषेक यादव, आर. प्रवीण सोलकी की सराहनीय भूमिका रही। वही पुलिस अधीक्षक सीहोर द्वारा टीम को उचित ईनाम देने की घोषणा की गई है।

### महारानी राधाबाई शा.क.उ.मा.वि में मनाया वीर बाल दिवस

**देवास।** महारानी राधाबाई शा.क.उ.मा.वि. देवास में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एमआयटी के पूर्व प्रोफेसर तथा स्किल इंडिया के प्रशिक्षक सन्मीत खनूजा थे। आपने बताया कि गुरू गोविंदसिंह सिक्खों के दसवें और अंतिम गुरू थे। गुरू तेग बहादुरसिंह के बलिदान के उपरांत 11 नवम्बर सन 1675 को 10 वें गुरू बने । सन 1699 में बैसाखी के दिन उन्होंनें सालसा पंथ की स्थापना की, जो सिक्खों के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। इनका वास्तविक नाम गोविंदराय था। इनके पिता गुरू तेग बहादुर और माता गुजरी देवी थी। उन्होंने अन्याय अत्याचार ओर पापों को खत्म करने के लिए ओर धर्म की रक्षा के लिए मुगलों के साथ चौदह युद्ध लड़े। धर्म की रक्षा के लिए समस्त परिवार का बलिदान दिया। जिसके लिए उन्हें सरबसदानी (पूरे परिवार का दानी) भी कहा जाता है। अनन्तपुर छोड़ने के बाद गुरू जी का परिवार बिखर गया।



## हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व के तहत गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए प्रत्येक माह गर्भावस्था की दूसरी एवं तीसरी तिमाही की महिलाओं की जांच कर हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन किया जा रहा है। स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं की जांच प्रत्येक शिविर में सुनिश्चित की जा रही है। इस दौरान जागरूकता एवं जांच शिविरों में गर्भावस्था के गंभीर लक्षणों की जानकारी भी दी जा रही है।

गर्भवती महिलाओं और प्रसवोत्तर महिलाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता को देखते हुए स्वास्थ्य परामर्श एवं स्क्रीनिंग की शुरुआत की गई है। गर्भावस्था एवं प्रसव पश्चात महिलाएं डिप्रेशन, चिंता और अन्य मानसिक समस्याओं से ग्रसित हो सकती हैं। इसे देखते हुए राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत इस पहल का उद्देश्य महिलाओं एवं परिजनों को गर्भावस्था के दौरान शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व के तहत उच्च जोखिम के लक्षणों वाली गर्भवती महिलाओं की जांच, परामर्श, उपचार, पैथोलॉजी जांच, सोनोग्राफी जांच की जाती है। स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कार्यकर्ता जैसे आशा, ए एन एम द्वारा गर्भवती महिलाओं को परामर्श एवं जांच के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में लाया जाता है। जहां पर चिकित्सकों द्वारा महिलाओं में गर्भावस्था के गंभीर लक्षणों की पहचान कर सलाह एवं दवाइयां दी जाती हैं। गर्भावस्था में एनीमिया, गर्भावस्था जनित उच्च रक्तचाप, गर्भावस्था जनित डायबिटिज़, पूर्व में ऑपरेशन द्वारा प्रसव इत्यादि लक्षण होने पर हाई रिस्क प्रेगनेंसी के रूप में चिन्हित किया जाता है।

इन महिलाओं को विशेष चिकित्सकीय देखभाल एवं परामर्श की सेवाए प्रदान की जाती है। चिकित्सकीय परामर्श के साथ हीमोग्लोबिन, यूरिन एल्ब्युमिन, शुगर, मलेरिया, टीबी, हेपेटाईटिस, ओरल ग्लूकोज़ टेस्ट, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, सिफलिस की जांच की जाती है। चिकित्सकीय परामर्श अनुसार सोनोग्राफी एवं थायराईड की जांच भी की जाती है। मातृ मृत्यु दर को न्यूनतम करने के लिए, उच्च जोखिम की गर्भवती महिलाओं का सही समय पर चिन्हांकन किया जाना बेहद आवश्यक है। जिससे इन गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल एवं चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। हाईरिस्क महिलाओं की न्यूनतम 4 जांचों के साथ 3 अतिरिक्त जांचे भी की जाती हैं। जिनमें से न्यूनतम एक जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा की जाती है।

## सात दिवसीय राम कथा का महेश्वरी भवन में हो रहा आयोजन

# राम तक पहुंचने का सरल मार्ग शिव भक्ति है: पुष्पानंद





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भगवान शिव की कृपा के बिना राम को प्राप्त नहीं किया जा सकता। राम तक पहुंचाने का मार्ग शिव भक्ति ही है। शिव की कृप के बिना राम को नहीं पाया जा सकता। भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में संसार में अवतरित हुए और हम सब सांसारियों को भगवान श्री राम ने मर्यादा का पाठ पढ़ाया। जीवन में संघर्ष का आना स्वाभाविक गुण है। भगवान राम ने अवतार लेकर अपने जीवन के संघर्षों के माध्यम से हम सब मानवों का मार्गदर्शन किया है। भगवान श्री राम ने संसार में जो सबसे अंतिम पंक्ति का मानव है उसको भी अपना सानिध्य प्रदान करके सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। देश, परिवार व समाज को किस तरह से संचालित करना चाहिए यह मार्ग हमें भगवान श्री राम ने आदर्श प्रस्तुत किया है।

भगवान श्री राम चक्रवर्ती सम्राट के पुत्र होकर भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पंहुचकर वन वन भटके। हमारे देश के सर्वोच्च पदों पर प्रतिष्ठित व्यक्ति समाज के अंतिम व्यक्ति की सुध लेंगे तभी इस राष्ट्र में राम राज्य की स्थापना होगी और समस्त जीवात्मा प्रसन्नता से अपना जीवन व्यतीत कर पाएंगी। यही भगवान ने शबरी से निषादराजजी, केवट आदि से मिलकर हमें संदेश दिया है। उन्होंने आगे कहा कि समाज को राजनेता के पास नहीं जाना चाहिए बल्कि राजनेता खुद समाज के पास आएं। यह विचार महेश्वरी भवन श्री राम मंदिर भेरूगढ़ में 24 से 30 दिसंबर तक आयोजित की गई सात दिवसीय राम कथा के दौरान दूसरे दिन कथावाचक पुष्पानंद महाराज कांटा फोड़ वाले ने प्रकट किए। इस दौरान पुष्पानंद महाराज ने सजा दो घर को दुल्हन सा प्रभु श्री राम आए हैं। जैसे एक से बढ़कर एक भक्तिमय गीतों की संगीतमय प्रस्तुति से माहौल को धर्ममय बना दिया। भगवान श्री राम का भक्तों द्वारा हर्ष उल्लास के साथ जन्मोत्सव मनाया गया।

भक्तों द्वारा किए गए जय जय श्री राम जय जय श्री राम के उदघोष से कथा पंडाल गूंज उठा। महिलाओं माता बहनों द्वारा मंगल गीत गए गए। श्री राम जन्मोत्सव की मनमोहक प्रस्तुति ने भक्तों का मन मोह लिया। जन्मोत्सव की खुशी में धर्म प्रेमी नागरिक झूमने लगे। पुष्पवर्षा कर भगवान श्री राम का भव्य स्वागत किया गया आयोजक मंडल के मधु महेश चंद्र झंवर एवं अतिथियों ने व्यासपीठ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। कथा प्रतिदिन 2 से शाम 6 बजे तक होगी। सैकड़ो धर्म प्रेमियों ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया।

## जिले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एल्डर लाइन नंबर किए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वरिष्ठजन के साथ शारीरिक या भावनात्मक रूप से दुर्व्यवहार किया जा रहा है, तो वह एल्डरलाइन नंबर 14567 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार तथा सामाजिक न्याय और निशक्तजन कल्याण विभाग के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं एवं मार्गदर्शन हेतु सहायता के लिए हेल्पेज इंडिया द्वारा हेल्पलाइन टॉलफ्री नम्बर जारी किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्थापित एक योजना है, जो मप्र के सभी जिलों में संचालित है। यह हेल्पलाइन सप्ताह के सातों दिन सुबह 08 बजे से रात 08 बजे तक कार्य करती है।

एल्डर लाइन के अतंर्गत सेवाओं के एक भाव के रूप में मुफ्त कानूनी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है तथा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और रख-रखाव के अधिनियम-2007 के बारें में और पेंशन योजनाओं के बारें में जानकारी प्रदाय की जाती है। यदि किसी वरिष्ठजन के साथ शारीरिक या भावनात्मक रूप से दुर्व्यवहार किया जा रहा है, तो वह इस हेल्पलाइन नंबर पर रिपोर्ट कर सकतें है। कोई भी वरिष्ठजन अकेला हो या भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर रहा हों, वे फोन करके बात कर सकतें है।

हेल्पलाइन के माध्यम से भावनात्मक परामर्श प्रदान करने, परित्यक्त वृद्ध लोगों को अस्थाई आश्रय प्रदान करनें, उन्हें फिर से उनके परिवार के साथ मिलानें में मदद की जाती है। इसके अलावा वृद्धाश्रम, देखभाल करने वाली संस्थाओं, अस्पतालों आदि के बारें में भी जानकारी प्रदान की जाती है।

सरपंच बोले - श्मशान के रास्ते पर एक समुदाय ने कर रखा है कब्जा, जिससे होती है परेशानी

# एक समुदाय ने आधे घंटे से ज्यादा शव को रोका प्रशासन के हस्ताक्षेप के बाद हुआ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-कुरावर

जमीनों पर अतिक्रमण के किस्से यूं तो आम हैं, परंतु जब अतिक्रमण की हुई शासकीय भूमि पर भी कोई समुदाय अपना कब्जा मानकर दूसरे समुदाय के लोगों को दाह संस्कार जैसे अंतिम कर्म को रोकने की कोशिश करने लगे तो फिर बात सामान्य नहीं कही जा सकती।

जिले के पीलूखेड़ी के समीप ही बड़नगर से एक चैकाने वाला मामला सामने आया है जिसमें एक समुदाय द्वारा कई वर्षों से शमशान के आसपास की सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया गया। बुधवार का 3 बजे के आसपास जब गांव की ही कुन्तीबाई का शव उनके परिजन और ग्रामीण पारंपरिक रास्ते से लेकर जा रहे थे तो एक समुदाय के लोगों की महिलाओं और बच्चों ने शव को शमशान ले जाने से मना कर दिया, जिससे विवाद की स्थिति बन गई। बड़नगर के सरपंच ने जानकारी देते हुए बताया की इस पूरे मामले की जानकारी हमने प्रशासन को दी। तब नायब तहसीलदार एवं पुलिस ने आकर मामला मोर्चा संभाला और शव का दाह संस्कार हो पाया।





### सरपंच बोले शमशान के पास की सरकारी भूमि पर से अतिक्रमण हटाया जाए

बड़नगर के सरपंच अजय मीना ने बताया कि यदि आज शवयात्रा को आधे घंटे से ज्यादा रोका गया है तो आगे की स्थिति समझी जा सकती है। प्रशासन सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करे जिससे किसी भी तरह के संस्कार में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### प्रशासन के पहुंचने पर बदले सुर

आधे घंटे से ज्यादा समय तक शव को रोकने वाला समुदाय ने प्रशासन को देखते ही सुर बदल लिए। और वहां उपस्थित महिलाओं और पुरूषों ने प्रशासन को बताया की हम समझ नहीं पाए की किसी की शव यात्रा आ रही है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ गलतफहमी के चलते ऐसा माहौल बना। वहीं कुरावर पुलिस ने भी दोनों समुदाय के लोगों को बैठाकर मामले को सुलझाने के लिए प्रयास किया।

**मामला दर्ज**

*नायब तहसीलदार अनाग्रीका कनौजिया ने बताया कि हमने धारा 107 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि रोकने वाले समुदाय का साफ कहना है कि यह सदियों से चलता आया है और हमने कभी रोका नहीं। आगे भी नहीं रोका जाएगा।*

ट्रक को क्रेन की मदद से कार से हटाया

# गुना में कार पर ट्रक पलटा, 4 की मौत

*सारंगपुर से भिंड जा रहा था परिवार*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मंगलवार सुबह कार को टक्कर मारने के बाद ट्रक उसके ऊपर पलट गया। हादसे में कार सवार पति-पत्नी, बेटी समेत 4 लोगों की मौत हो गई। 2 गंभीर घायल हैं। हादसा बायपास पर ढाबे के पास हुआ। सारंगपुर के वार्ड 17 तारागंज का परिवार भिंड जिले के लहार में मकान के उद्घाटन कार्यक्रम में जा रहा था। परिवार के सदस्य तड़के 4 बजे कार से लहार के लिए रवाना हुए थे। सुबह 7.30 बजे गुना बायपास पर एक जेसीबी क्रॉस कर रही थी। इस वजह से ड्राइवर ने कार रोड से नीचे उतारकर खड़ी कर दी। जेसीबी क्रॉस हो जाने पर ड्राइवर ने कार को जैसे ही सड़क पर चढ़ाया, तभी पीछे आ रहा ट्रक टकराकर कार पर ही पलट गया। वही एसपी विजय कुमार खत्री भी मौके पर पहुंचे। ट्रक में कागज की रद्दी भरी हुई थी। कमानी टूटने की वजह से ट्रक कार पर पलटा। इसके ड्राइवर और क्लीनर घटनास्थल से भाग गए। घटना की जानकारी लगने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित नवनियुक्त राजमंत्री गौतम टेटवाल ने शोक जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, श्शोकाकुल परिजन के लिए मेरी गहरी संवेदनाएं।

### इनके साथ हुआ हादसा

रोशनी (15) और जय देवी (45) की मौत हो गई। भाई-बहन सुमित और राखी घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैंट टीआई पंकज त्यागी ने बताया कि 2 की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाकी के 2 लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ा। परिवार मूल रूप से लहार के भीकमपुर (जिला भिंड) का रहने वाला है। रामप्रकाश पोस्ट मेट्रिक छात्रावास सारंगपुर (राजगढ़) में चैकीदार थे। इसीलिए परिवार यहां रहता था। वह झमुआ (लहार, भिंड) में बुआ जमुना बाई के यहां मकान के उद्घाटन में जा रहे थे। जयदेवी के पति हरिदास भी पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के अधीक्षक थे। उनकी 2018 में मौत हो गई थी। उनके बेटे सुमित को उनकी जगह अनुकंपा मिलने वाली है। सुमित कुछ समय पहले ही 18 साल का हुआ है। हादसे की खबर सुनते ही सारंगपुर शोक छा गया।

# शराब पकड़ाने की मुखबिरी के शक में लगाया 45 लाख रुपए का जुर्माना

## पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाने पहुंचा फरियादी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विधानसभा चुनावों की आचार संहिता के पूर्व पुलिस एवं प्रशासन द्वारा 18 अक्टूबर को अवैध शराब के गढ़ माने जाने वाले कड़ियासांसी गांव में दबिश दी गई थी। इस दबिश में पुलिस ने 40 लाख रुपए से अधिक की शराब और अन्य सामान आदि जब्त करते हुए आबकारी एक्ट के तहत कुछ लोगों पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया था।

जिन लोगों के यहां से यह शराब पकड़ाई है उन लोगों ने गांव के ही प्रकाश पिता जगदीश भानेरिया पर आरोप लगाया है कि उसने पुलिस से मुखबिरी की थी और उसी की सूचना के बाद पुलिस ने कड़ियासांसी गांव में शराब पकड़ने की उक्त बड़ी कार्रवाई की। दस, बारह लोगों की सामाजिक पंचायत बुलाकर अब यह फरमान सुनाया गया है कि चूंकि प्रकाश की मुखबिरी से यह शराब पकड़ाई है इसलिए प्रकाश उन्हें 45 लाख रुपए दे। इस जुर्माने के राशि के लिए प्रकाश और उनके परिवार पर दो बार हमले भी किए जा चुके हैं जिसका मुकदमा बोड़ा थाने में दर्ज है।

### परिवार को लेकर एसपी के पास पहुंचा पीड़ित

जुर्माने की राशि वसूलने जिन लोगों द्वारा दबाव बनाया जा रहा है उन सभी के खिलाफ प्रकाश भानेरिया ने मंगलवार को एसपी की जनसुनवाई में पहुंचकर संबंधितों पर कार्रवाई करने एवं न्याय दिलवाने की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि जुर्माने की राशि 45 लाख रुपए जमा करने का इतना अधिक दबाव बनाया जा रहा है कि उसके पास परिवार के साथ आत्महत्या करने के अलावा और कोई चारा नहीं बचा है।

### पूर्व वेयरहाउस प्रबंधक सहित 9 लोगों पर 20 हजार का जुर्माना व 5 साल की सजा

मामला हम्माल के साथ दुर्व्यवहार व मानसिक प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का

**ब्यावरा।** हम्माली का काम करने वाले रामप्रसाद कुशवाह के साथ दुर्व्यवहार करने एवं मानसिक रूपसे प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले तत्कालीन ब्यावरा वेयरहाउस प्रबंधक नरेश सिंह तोमर पिता बीएस तोमर एवं गेंदालाल, रामप्रसाद, मोतीलाल, कालूराम गब्बर, डालचंद विजयपाल व अन्य पर न्यायाधीश अशोक शर्मा द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ब्यावरा ने प्रत्येक पर 20-20 हजार का जुर्माना एवं 5 साल की सजा सुनाई है। वहीं अतिरिक्त लोक अभियोजक के रूप में दिनेश साहू ने प्रतिनिधित्व किया।

# पदोन्नति : 19 हेड कान्सटेबलों की वर्दी पर पुलिस अधीक्षक ने लगाए सितारे

## एएसआई पद पर पदोन्नत हुए हैं प्रधान आरक्षक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पदोन्नति मिलने पर अपने विभाग के मुखिया के हाथों अपनी वर्दी पर सितारे लगवाने की तमन्ना हर पुलिसकर्मी की रहती है। राजगढ़ जिले के 19 पुलिसकर्मियों की यह तमन्ना शासन द्वारा हालिया जारी आदेश से पूरी हुई है। गृह विभाग ने पिछले दिनों कई प्रधान आरक्षकों को एएसआई (असिसटेंट सब-इन्सपेक्टर) पद पर पदोन्नत किया है। पदोन्नत होने वाले पुलिसकर्मियों में राजगढ़ जिले के भी 19 प्रधान आरक्षक शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा एवं एडिषनल एसपी आलोक शर्मा ने मंगलवार दोपहर एएसआई पद पर पदोन्नत हुए सभी पुलिसकर्मियों की वर्दी पर अपने हाथों से पदचिन्ह स्टार लगाए। इस मौके पर सालों से वर्दी पर सितारे लगने की ख्वाहिष में बैठे पुलिसकर्मियों की छाती गर्व से चैड़ी हो गई।

### ये पुलिसकर्मी बने हैं एएसआई

प्रधान आरक्षक से एएसआई बनने वाले पुलिसकर्मियों में जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ शादाब खान, अमृतलाल कुंभकार, बाबूलाल, जगदीश सेन, दिनेष बैरागी, बनेसिंह दांगी, लक्ष्मीनारायण, पुष्पलता सोनी, राजेद्र यादव, सुनील, घीसालाल, संजय झा, भैरूलाल, मनोहरलाल, राधेष्याम दांगी, हरिनारायण, रमेशचंद्र, हीरेश सोनी, रामसिंह भिलाला, करतार सिंह शामिल हैं। अधिकारीगणों ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अब घर बैठे मोबाइल से भी बना सकते हैं आयुष्मान कार्ड

**राजगढ़।** अब कोई भी पात्र व्यक्ति घर बैठे अपने मोबाइल से अपना आयुष्मान कार्ड बना सकता है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की पोर्टल लिंक के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा सकेगा। विभाग की लिंक पर जाकर सर्वप्रथम आपको आधार का आप्शन चुनना है। आधार का आप्शन चुनने के बाद उसमें स्क्रीन पर पीएमजेवाई चयन कर फिर राज्य का चयन करें। आप मध्यप्रदेश चुनेंगे तदुपरान्त अपना आधार नंबर डालेंगे। आधार नंबर डालने के बाद जिस मोबाइल नंबर से आधार लिंक है, उस पर एक ओटीपी आएगा। उस ओटीपी को पोर्टल पर दर्ज करने पर आपका आयुष्मान कार्ड बन जाएगा। अगर पोर्टल पर आपका नाम दर्ज नहीं है तो ऐसी स्थिति में आप नजदीकी सीएससी सेंटर या लोक सेवा केंद्र में जाकर संपर्क कर सकते हैं।

# श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली संत यात्रा

## संत समाज ने लोगों से श्रीरामलला मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा दिवस पर दीपोत्सव मनाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए हिन्दू समाज में जाग्रति लाने के उद्देश्य से मंगलवार को अंजनीलाल धाम मंदिर ब्यावरा से संत यात्रा निकाली गई, जो शहर के प्रमुख मार्ग से होकर गांव-गांव पहुंची, जहां संत समाज ने लोगों से श्रीरामलला मंदिर प्राणप्रतिष्ठा दिवस पर धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ दीपोत्सव मनाने का आव्हान किया।

हिन्दू समाज के जागरण के लिए निकाली गई संत यात्रा अंजनीलाल धाम मंदिर पर भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर हबीवपुरा के नीलगिरी आश्रम से होते हुए ढ़कोरा, खेड़ी, गिन्दौरमीना, तलावला, जामी, जामुनिया, देवखेड़ी होकर मलावर पहुंची। यात्रा के दौरान मौजूद संत समाज ने इसे 500 वर्षों की सबसे बड़ी दीपावली बताई, वहीं घर-घर पहुंचकर लोगों से प्राणप्रतिष्ठा दिवस के पांच दिन पूर्व से ही दीपक लगाने, रंगोली बनाने, पूजा-अर्चना, कथा सहित अन्य धार्मिक आयोजन का आव्हान किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर रामगिरी महाराज, नीलेश महाराज, प्रमोद, यात्रा प्रभारी सतीश नागर, सहप्रभारी आचार्य द्वारिकाप्रसाद, कामेशकृष्ण, लोकेश शास्त्री, प्रेमदास महाराज, फूलेश्वर महाराज, मथुरालाल नागर, भोलादास, सुदर्शन शर्मा, जेएल मारोठिया सहित अन्य मौजूद रहे। आयोध्या में होने वाले कार्यक्रम को लेकर सभी वर्गों में उत्साह देखा जा रहा है, इसमें अखाड़े, सुंदरकांड समिति, मंदिर समिति, भजन मंडली, भागवतकथाचार्य सहित अन्य अपने-अपने स्तर पर तैयारियों में जुटे है।



# राजपूत समाज प्रगति मंडल की ग्राम जेठडा में बैठक आयोजित



**कालापीपल।** राजपूत समाज प्रगति मंडल क्षेत्रीय परिषद शुजालपुर की बैठक ग्राम जेठडा में प्रादेशिक केन्द्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष मिश्रीलाल सिंह सिसोदिया के मार्ग दर्शन में संपन्न हुई। जिसमें प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष समाज का 36वां सामूहिक विवाह सम्मेलन बसंत पंचमी 14 फरवरी 2024 को ग्राम सिलोदा में सर्वसम्मति होना तय हुआ। जिसमें समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। समाज के संगठन ने इस पुण्य महायज्ञ में समाजजनों से बढ़ चढ़कर अधिक से अधिक संख्या अपने पुत्र पुत्रियों का विवाह संपन्न कराने का आह्वान किया।

# गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की शहादत याद कर मनाया वीर बाल दिवस

## उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ आयोजन




**राजगढ़।** स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में मंगलवार को सिख गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की शहादत को याद करते हुए वीर बाल दिवस बनाया गया। इस मौके पर सांसद रोड़मल नागर, पूर्व राज्यमंत्री रघुनंदन शर्मा, कार्यक्रम संयोजक मोना सुस्तानी, सह-संयोजक सुरजीत सिंह ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंहजी के पुत्रों ने अपनी माटी के लिए जो बलिदान दिया, सभी बच्चों को वह विस्तार से जानने की आवष्यकता है।

इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्षन में पूरे देष में शहादत दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर पूर्व सीसीबी अध्यक्ष कैलाश मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी, युमो जिलाध्यक्ष केपी पंवार, विस संयोजक श्याम गुर्जर, राजेश खरे, अनीता वर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष दीपक नागर, दरगाह कमेटी सदर मोहम्मद शफीक गामा,कमल तंवर, सीताराम वर्मा, पप्पू मकवाना, हीरालाल संजोदिया, प्रांजल खुजनेरी, दारासिंह जाट, सचिन मौर्य, नरेंद्र विजयवर्गीय, रघुराज भूषण उपस्थित थे। संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष साकेत शर्मा ने किया एवं आभार मंडल अध्यक्ष मनीष जोशी ने माना।

गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा ब्यावर व सेवा भारती ने किया आयोजन

# वीर बलिदानी दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर व नेत्र परीक्षण का आयोजन, बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

स्थानीय गुरुद्वारा परिसर में गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा ब्यावर एवं सेवा भारती के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 51 यूनिट रक्तदान किया गया। महिलाओं द्वारा भी रक्तदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया एवं डॉक्टर डीके गुप्ता द्वारा 25 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर गुरुद्वारे के अध्यक्ष सरदार कल्याण सिंह छाबड़ा कोषाध्यक्ष सरदार संतोक सिंह अजमानी सेवा भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह सोलंकी संघ के राजगढ़ विभाग के विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र शर्मा एवं वरिष्ठ डॉक्टर राकेश गुप्ता अशोक अग्रवाल सेवा भारती के अध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता उपाध्यक्ष बिहारीलाल चैधरीसचिव मार्तण्ड सिंह सोलंकी जी सह सचिव बद्रीप्रसाद मीणा डॉ विवेक सोनी, भाजपा जिला महामंत्री देवीसिंह सोंधिया, मुकेश सेन एवं हिंदु उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा, मनप्रीत सिंह राजपाल गुरजीत सिंह छाबड़ा सतवीर सिंह सलूजा उपस्थित रहे व अन्य लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर एवं नेत्र परीक्षण का आयोजन स्थानीय गुरूद्वारा में वीर बलिदानी दिवस के अवसर पर हुआ। 11 से 2 बजे तक शिविर गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा ब्यावर एवं सेवा भारती के सहयोग से संपन्न हुआ। स इस अवसर पर विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र जी शर्मा ने वीर बलिदानी दिवस के बारे मे बताया की गुरु गोविंद सिंह जी और उनके साहबजादे ने किस तरह अपना धर्म न छोडकर अपने को बलिदान करने और समाज मे प्रेम अपनत्व सभी के लिए सहानुभूति रखकर सारे समाज मे एकता आए और सभी किसी के उपर अत्याचार ना हो ऐसा संदेश सम्पूर्ण मानव को दिया।




### *रक्तदान शिविर में समाज के सभी नागरिकों ने 51 यूनिट रक्तदान किया*

*इसमे सिक्ख समाज की महिलाओं द्वारा भी रक्तदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गयास डॉक्टर डीके गुप्ता जी द्वारा 25 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे के अध्यक्ष सरदार कल्याण सिंह छाबड़ा कोषाध्यक्ष सरदार संतोक सिंह अजमानी सेवा भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह जी सोलंकी संघ के राजगढ़ विभाग के विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र जी शर्मा सेवा भारती राजगढ़ के पदाधिकारी हिंदु उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा, मनप्रीत सिंह राजपाल गुरजीत सिंह छाबड़ा सतवीर सिंह सलूजा उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप

### युवा व्यवसायी वीरेंद्र राठौर का किया स्वागत



**आष्टा।** नगर के युवा व्यवसायी समाजसेवी वीरेंद्र राठौर मा वैष्णोदेवी की पदयात्रा के लिए रवाना हुवे, जहाँ उनका गंज चौराहा पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद तारा कटारिया, रविवार शर्मा, नगरपुरोहित पंडित मनीष पाठक, डॉ. दीपेश पाठक, सुमित मेहता आदि द्वारा वीरेंद्र राठौर का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान कर मा वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रा की मंगल शुभकामनायें दी।

### विकासखंड में संपन्न हुई बीपीएमयू की बैठक



**आष्टा।** नीति आयोग नई दिल्ली एवं स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा संचालित प्रोजेक्ट के तहत कार्यालय जनपद शिक्षा केंद्र में विकास विकासखंड स्तरीय बैठक रखी गई। जिसमें विकासखंड के समस्त बीएसी व सीएसी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता विकासखंड स्त्रोत समन्वय तरुण कुमार बैरागी द्वारा की गई। हर बच्चा निपुण अभियान के अंतर्गत सहायक सीढ़ी की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में निपुण प्रोफेशनल जिला प्रमुख श्री विवेक कुमार ने हर बच्चा निपुण हो निपुण विद्यार्थी लक्ष्य प्राप्त करने के सूचक बताए गए इसके लिए कक्षा 2 के 80 प्रतिशत बच्चे 35 शब्द प्रति मिनट पड़ सके, 80% बच्चे 1 से 99 तक की संख्या क्रम व बिना क्रम अनुसार पहचान सके, एक से नौ तक का अंकिय जोड़ घटाव सही से हल कर सके इसके अलावा निपुण भारत के तहत जनवरी 2024 के अंत तक निपुण लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर रणनीति पर चर्चा की। ग्राउंड स्तर की समस्याओं से जनशिक्षकों द्वारा अवगत कराया गया। बैठक में अनिल श्रीवास्तव सह समन्वय नवभारत साक्षरता मिशन, मनोज विश्वकर्मा बीएसी, फूलचंद सांकले बीएसी, राजेश कुमार ऑपरेटर, सुरेंद्र मेवाड़ा ने सहभागीता की मिशन अंकुर से सभाजीत पटेल, अंकिता भुजबल द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई।

### चारु नृत्य भूमि कत्थक कला केंद्र की बच्चियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति




**सीहोर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तत्वाधान में, सीहोर जिले में पूर्व मुख्य मंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान तथा ग्राम धामंदा में पधारे प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल के समक्ष चारु नृत्य भूमि कत्थक कला केंद्र की संचालिका श्रीमती चारु लता चौरे के मार्गदर्शन में संस्था की आंचल चौरे, सिद्धि माहेश्वरी, रश्मि ठाकुर, स्वस्तिका राठौर, अरना चौरसिया, उर्वी गर्ग, तनिष्का बकोरिया तथा भावना यादव ने स्वच्छता का संदेश देते हुए अपने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देकर सबका मनमोह लिया।

सीएम के आदेश के बाद भी कार्रवाई नहीं, अधिकारी भूले सीएम के आदेश

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर गुमटी हाथ ठेले पर खुले में लग रही मीट की दुकानें

दुकान के बाहर जानवर तो कुछ जगह खुले में बिक रहा मटन-चिकन। शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय के पास लग रही दुकाने।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मप्र में सत्ता वापसी के साथ नए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बेशक पहला आदेश खुले में मांस-मछली के कटने और बिकने पर पाबंदी को लेकर लिया हो, लेकिन इस आदेश का पालन कराने के लिए पहले दिन ही अधिकारी-कर्मचारियों की टीम सख्त तेवर और लाव-लश्कर लेकर मैदान में उतरी थी। उसके बाद यह कार्रवाई सुस्त हो गई है।इस अभियान के लिए बनाई गई टीमें सिर्फ खानापूर्ति करने के लिए कुछ वक्त को बाजार में पहुंचती हैं और बाकी समय मीट विक्रेता अपनी मनमानी करते हैं। नगर के विभिन्न बाजारों में पहुंचकर स्थिति जानी तो सामने आया कि मॉनिटरिंग का अभाव हर जगह है। कई जगह खुले में मांस पकाकर बेचा भी जा रहा।

शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करके गुमटी व हाथ ठेले पर अंडे व मांस मटन बेचा जा रहा है। राज्य शासन ने 15 दिसंबर से ही ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश के लिए लाउडस्पीकर, डीजे को लेकर भी आदेश जारी किए थे। जिसके अनुसार कहीं भी लाउडस्पीकर व डीजे का उपयोग बिना अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए। इस कार्रवाई के लिए एसडीएम की मॉनिटरिंग में थाना स्तर पर टीमों का गठन किया गया है, लेकिन अब तक यह टीमें कहीं भी कार्रवाई के लिए नहीं निकली हैं। जबकि टीमों को सभी धर्म स्थल, मैरिज गार्डन, बारात घर समेत अन्य स्थानों पर जांच एवं कार्रवाई करनी थी। मांस, मछली के अभियान को लीड करने का जिम्मा संभाल रहे मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना नगर में कार्रवाई के लिए तो निकले ही नहीं है। साथ ही कार्रवाई में ढिलाई को लेकर बात करने के लिए भी तैयार नहीं हो रहे। दो दिन में कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी नगर के कन्नौद रोड शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय के पास में, उत्कृष्ट विद्यालय के सामने खुले में बाहर रखे जानवरों के पिंजरे और मांस काटने की स्लॉट एवं अंडे। कन्नौद रोड शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय के पास लगी मीट की गुमटी और इस मार्ग पर कन्नौद खातेगांव रोड पर डेढ़ दर्जन गुमटीनुमा दुकानें फुटपाथ पर हैं। शासन की सख्ती के बाद यहां हरे रंग का पर्दा सामने से डाला तो है, लेकिन उससे दुकानें ठीक तरीके से कवर नहीं हुई। ये पर्दे सिर्फ खानापूर्ति के लिए लगाए गए हैं। यहां आने-जाने वाले लोगों को दोनों साइड से मुर्गे, मछली और कटता हुआ मांस सब दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेश के बाद भी नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों सड़क किनारे रोजाना मीट और अंडे की दुकानें लग रही हैं। खास बात यह है कि इस बात की जानकारी नगरपालिका परिषद और प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बाद भी उनकी तरफ से ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 7 दिसंबर को आदेश जारी करते हुए कहा था कि अब प्रदेशभर में मीट और अंडे की दुकानें खुले में नहीं लगेंगी। सीएम को आदेश दिए हुए 16 दिन गुजर चुके हैं। रोड किनारे खुले में मीट और अंडे की दुकानें रोजाना लग रही हैं। अधिकारी इन दुकानदारों पर कार्रवाई करने से बच रहे हैं।

## हमारा उद्देश्य भारत को विश्व में अग्रणी बनाना है: गोपाल सिंह इंजीनियर

निकली विकसित भारत संकल्प यात्रा



**आष्टा।** भारत विकसित यात्रा के तहत ग्रामीणों को योजनाओं का दिया लाभ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच पहुंच कर भारतीय जनता पार्टी सरकारों द्वारा संचालित अनगिनत योजनाओं के लाभों की जानकारी और लाभान्वित हो रहे पात्र हितग्राहियों से मुलाकात कर उन्हे सम्मानित किया जा रहा है कार्यक्रम में मुख्य रूप से आष्टा विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा अनेकों योजनाओं से प्रत्येक व्यक्ति किसी ना किसी रूप से लाभान्वित हो रहे हैं भारत का भविष्य आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में सुरक्षित है किसानो की सम्मान निधि हो या गरीबों के कच्चे से पक्के मकान निर्माण देश की सुरक्षा की बात हो या देश विदेश की रणनीति सभी पर भारत के निर्णायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बा खूबी निभा रहे हैं राज्य सरकार द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना हो या लाड़ली बहना योजना जीवन से मृत्यु तक सारी व्यवस्था राज्य और केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में शामिल हैं विकसित भारत संकल्प यात्रा के इसी क्रम ग्राम पंचायत टिगरिया, मुंडला मोहबा, अरनिया गाजी आदि ग्रामों में जनसंपर्क किया गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण ग्राम वासी युवा साथी मातृ शक्ति उपस्थित रहीं।

# अस्थाई नाला बनाकर पार्वती नदी में मिलने वाले अलीपुर क्षेत्र के गंदे पानी की निकासी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की वर्षो पुरानी समस्या का निराकरण आज अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा पार्षद एवं नगरपालिका अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। अलीपुर क्षैत्र का गंदा पानी जीवन दायिनी पार्वती नदी में मिलने की सूचना अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा के संज्ञान में आने पर त्वरित नगरपालिका के तकनीकी अधिकारी एवं जलशाखा से संबंधित कर्मचारियों को साथ लेकर पार्वती नदी तट स्थित पहुंचे जहां जेसीबी के माध्यम से नदी में एक ओर जल भराव कम होने पर एक शटर निकाली गई और जेसीबी से नाला बनाया गया। अब अलीपुर क्षैत्र से आने वाला गंदा पानी नही में समाहित न होकर अलग रास्ते से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेगा। अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि विगत दिनों अलीपुर क्षैत्र का गंदा पानी पार्वती नदी में मिलने की सूचना मिली थी जिसका आज अधिकारियों एवं पार्षदों की मौजूदगी में समस्या का मौके पर मौजूद रहकर निदान किया गया। जेसीबी से बड़ा नाला बनाया गया अब अलीपुर का गंदा पानी बनाए गए नाले से अपने गंतव्य की ओर सुरक्षित स्थान पर जा सकेगा। साथ ही नगरपालिका के जलशाखा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यह प्रक्रिया अब निरंतर होनी चाहिए, अगर नाला पुराया जाता है तो फिर से नाला बनाकर नदी में मिलने वाले गंदे पानी की रोकथाम होनी चाहिए। श्री मेवाड़ा ने यह भी कहा कि वर्तमान में अस्थाई रूप से गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था की गई है, भविष्य में इसे योजनाबद्ध तरीके से पक्का कर पूर्ण तरीके से गंदे पानी को नदी के पेयजल में मिलने से रोका जाएगा। इस अवसर पर नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद डॉ. सलीम खान, सुभाष नामदेव, शाहरूख कुरैशी, कृष्णपाल मेवाड़ा, पूरण मेवाड़ा, याशिका मेवाड़ा कैलाश बागवान, फूलसिंह मालवीय, गबू प्रजापति आदि मौजूद थे।

### कैबिनेट मंत्री से की मुलाकात



**आष्टा।** पूर्व मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंत्री मंडल में शिक्षा मंत्री रह चुके शुजालपुर के विधायक इंदर सिंह परमार पुनः डॉक्टर मोहन यादव के मंत्रीमंडल में जगह बनाने में कामयाब रहे। बीते दिनो हुए मंत्रीमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में शुजालपुर के विधायक इंदर सिंह परमार ने कैबिनेट मंत्री के रुप में शपथ ली। इस दौरान मंत्री इंदर सिंह परमार के समर्थको और समाजजनों में हर्ष का माहौल बना हुआ हैइसी कड़ी में आष्टा किलेरामा पंचायत के सरपंच राकेश परमार अपने मित्रो संग मंत्री इंदर सिंह परमार को बधाई देने उनके भोपाल स्थित निवास पर पहुंचे। जहा सरपंच राकेश परमार ने मंत्री इंदर सिंह परमार को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# नगर पालिका सीएमओ ने सफाई अमले को बैठक में सफाई को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की सफाई व्यवस्था को चाक-चैबंद करने के उद्देश्य से नपा सभाकक्ष में नपा सीएमओ राजेश सक्सेना ने सफाई अमले की एक आवश्यक बैठक आहूत की। जिसमें सीएमओ ने नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वच्छता निरीक्षक व संबंधित वार्ड के जमादारों को निर्देशित कर कहा कि देखने में आ रहा है सफाई मित्र पूरी लगन व ईमानदारी से सफाई कार्य नही कर रहे है, अनेकों वार्डो से नागरिकों द्वारा सफाई कार्य की शिकायते दूरभाष पर आती रहती है। आप अपने हल्के की सफाई स्वयं की निगरानी में कराना सुनिश्चित करें, ताकि नगर में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से व्यवस्थित बनी रहे। ऐसा कोई सफाई मित्र जो आपके कहने पर आनाकानी करता हो उसका प्रतिवेदन बनाकर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, नियमानुसार ऐसे सफाई मित्र पर कार्यवाही की जाएगी। सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर क्षम्य नही होगी। बैठक में स्वच्छता निरीक्षक विनोद सांगते, सफाई दरोगा अमरदीप सांगते, एवं राजेश सफाई जमादार मनोज, जितेंद्र, पप्पू विनोद रतिराम, सुनील सांगते आदि मौजूद थे।

# महाविद्यालय में ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत शहीद भगत सिंह शासकीय महाविद्यालय में 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डा पुष्पलता मिश्रा ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं को शुभकामना प्रेषित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण से कौशल और कार्य के ज्ञान में सुधार होता है और क्षमताओं मैं आत्मविश्वास बढ़ता है जिससे आप विधार्थी स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते है। इस प्रकार का प्रशिक्षण विधार्थियो को प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कदम है। इससे विधार्थियो को स्वरोजगार पाकर अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर मिलेगा और काफी हद तक विधार्थी आत्मनिर्भर होंगी। प्रशिक्षण का प्रारंभ युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गयाट्रेंनिंग प्लेसमेंट अधिकारी डा दीपेश पाठक ने सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी और शुभकामनाएं प्रेषित की।

दिया जा रहा यह प्रशिक्षण गंगा दास स्मृति शिक्षा एवं समाजसेवा समिति के माध्यम से वंदना भारद्वाज द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम में नफीस अहमद, डॉ कृपाल विश्वकर्मा, डॉक्टर सबीहा अख्तर, डॉ कुमकुम अग्रवाल डॉक्टर रचना श्रीवास्तव, डॉ ललिता राय श्रीवास्तव, डा अर्चना बूड़ेकर, मुकेश परमार जगदीश नागले, विनोद पाटीदार वसीम खान, जितेंद्र विश्वकर्मा, वैभव सुराणा,कुलदीप जाटव आदि शिक्षक व विधार्थी उपस्थित थे।संचालन डा दीपेश पाठक,तथा आभार वैभव सुराणा ने व्यक्त किया।

सिविल अस्पताल में पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर मनाया सुशासन दिवस

# ऑपरेशन करने वाले चिकित्सकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शासन के निर्देश अनुसार सिविल अस्पताल आष्टा में मनाया सुशासन दिवस, बीएमओ डॉ सुरेश माहोर , युवा सर्जन डॉक्टर भूपेंद्र परमार एवं डॉक्टर गंभीर पटेल ने सुशासन दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर किया। वहीं डॉ जीडी सोनी ने सभी को सुशासन दिवस पर दिलाई सत्य निष्ठा की शपथ,सिविल अस्पताल में सीमित संसाधनों में ऑपरेशन शुरू करने की उपलब्धि हासिल करने पर दो युवा डॉक्टर भूपेंद्र परमार एवं डॉ गंभीर पटेल का सेवानिवृत्त चिकित्सक अतुल उपाध्याय ने सम्मान किया। भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसंबर को अवकाश के कारण मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार आज संपूर्ण मध्य प्रदेश में सुशासन दिवस मनाया गया। शासन के निर्देश अनुसार सिविल अस्पताल आष्टा में आज सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीएमओ डॉक्टर सुरेश माहौर , डॉ भूपेंद्र परमार एवं डॉ गंभीर पटेल ने किया एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर जीडी सोनी ने उपस्थित सभी डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई । इस अवसर पर बीएमओ डॉक्टर सुरेश माहौर एवं डॉ जीडी सोनी ने उपस्थित कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर हर वर्ष मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सुशासन दिवस मनाया जाता है । इसी कड़ी में 25 दिसंबर को अवकाश होने के कारण शासन से प्राप्त निर्देशानुसार आज सुशासन दिवस मनाया जा रहा है । हम सभी आज इस अवसर पर शपथ लेते हैं कि प्रदेश में सुशासन के उच्च मापदंडों को स्थापित करेंगे तथा प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के भी हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर डॉ जीडी सोनी ने उपस्थित सभी कर्मियों को सत्य निष्ठा की शपथ दिलाई। सुशासन दिवस कार्यक्रम में आज सिविल अस्पताल आष्टा के नेत्र इकाई के प्रमुख सेवानिवृत डॉक्टर अतुल उपाध्याय में सिविल अस्पताल आष्टा के दो युवा सर्जन चिकित्सक भूपेंद्र परमार एवं डॉ गंभीर पटेल ने बीएमओ सुरेश माहोर के निर्देशन एवं उनके मार्गदर्शन में कई वर्षों के बाद सिविल अस्पताल आष्टा में ऑपरेशन थिएटर को सुव्यवस्थित कर ऑपरेशन के कार्य शुरू किये। अभी तक सिविल अस्पताल आष्टा में 10 ऑपरेशन ये दोनों युवा डॉक्टर कर चुके हैं । उक्त नई सौगात के रूप में दोनों युवा डॉक्टरों द्वारा सिविल अस्पताल आष्टा में ही ऑपरेशन शुरू किए जाने पर डॉक्टर अतुल उपाध्याय के नेतृत्व में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती,वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र गंगवाल ने आज सिविल अस्पताल आष्टा में ऑपरेशन कार्य शुरू किए जाने को लेकर दोनों युवा डॉक्टर का स्वागत और सम्मान किया । इस अवसर पर सिविल अस्पताल आष्टा के सभी चिकित्सक गण एवं स्वास्थ्य कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

